# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.05.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।


### दैनिक जागरण–दि0 28.05.2025

# वीडीए उंदी ताल से पर्यावरण और जल संरक्षण का देगा संदेश

जेपी पांडेय • जागरण

वाराणसी : विकास प्राधिकरण हरहुआ स्थित उंदी ताल में प्रस्तावित इको टूरिस्ट स्पाट (सिटी फारेस्ट) का सुंदरीकरण कराने के साथ शहर को एक संदेश देने जा रहा है। वीडीए इको टूरिस्ट स्पाट में पक्का निर्माण कराने की बजाय विभिन्न जातियों के पौधे लगाएगा। इसमें ज्यादातर पौधे अधिक आक्सीजन देने वाले होंगे। वहीं, बारिश के पानी को संरक्षित करने को लेकर छोटे-छोटे कई तालाब बनाएंगे जिससे तालाब में हमेशा बारिश का पानी स्टोर रहे। उंदी ताल से आसपास की छोटी नदियों को भी जोड़ने की तैयारी है जिससे पौधों की सिंचाई करने में आसानी होगी। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से 30 करोड़ रुपये स्वीकृत होने के साथ ही विकास प्राधिकरण ने कंसल्टेंट प्लानर इंडिया को तय करने के साथ डीपीआर बनाने को कहा है।

उंदी ताल पर आसपास के लोगों का कब्जा था। जिला प्रशासन से उंदी ताल और आसपास की 78.5 एकड़ जमीन लेने के साथ वीडीए ने काफी मशक्कत कर कब्जा लिया था। वीडीए ने 3.20 करोड़ से उंदी ताल का लोहे की जाली से घेराबंदी करने के साथ अन्य काम कराया है। उंदी ताल को वीडीए ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में काम कर रहा है। वीडीए का मानना है कि सड़क चौड़ीकरण समेत विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर पिछले एक दशक में हजारों पेड़ों की कटाई की गई है। उसके सापेक्ष पौधे नहीं लगाए गए, यदि लगाए गए तो ज्यादातर नष्ट हो गए। इसका सीधा असर पर्यावरण पर दिखाई दे रहा है। ऐसे में वीडीए ने उंदी ताल योजना में हरियाली और जल संचयन पर ज्यादा जोर दिया है।



उंदी ताल का किया जाना है सुंदरीकरण • जागरण

- वीडीए बना रहा ड्रीम प्रोजेक्ट पर्यटकों की सुविधा का ध्यान
- पर्यटन हब होने के साथ स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार

### पर्यटन विभाग को लौटा दी राशि

पूर्व मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल के कार्यकाल में कई योजनाओं में 10 हजार से अधिक हरे पेड़ों की कटाई होने और बढ़ते पर्यावरण संकट को लेकर संबंधित विभागों की बैठक बुलाई। उंदी ताल के सुंदरीकरण को लेकर वीडीए को जिम्मा सौंपते हुए पौधारोपण करने के साथ जल संरक्षण के लिए अलग से योजना बनाने को कहा। पर्यटन विभाग से बजट दिलाने की बात कही। वीडीए ने दिल्ली की एजेंसी आधार शिला से डीपीआर बनवाकर भेजा। पर्यटन विभाग ने 24.95 करोड़ पर मुहर लगा दी। वीडीए बजट आने का इंतजार कर ही रहा था कि पर्यटन विभाग ने यूपीपीसीएल को काम दे दिया है। इस पर वीडीए ने काम कराने से मना कर दिया था।



पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 30 करोड़ रुपये में उंदी ताल का सुंदरीकरण कराया जाएगा। यहां कंक्रीट से 10 से 15 प्रतिशत काम होंगे। अन्य स्थानों पर पौधे लगाए जाएंगे। पौधारोपण के लिए वन विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा।

-डा. वीपी मिश्रा, सचिव, वीडीए